दिन–गुरूवार दिनांक– 23/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– नेताजी से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के लक्ष्य के लिए काम करना चाहिए।

02. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम मे कल जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह में भाग लेंगे।

03. पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के बेतिया, समस्तीपुर, दरभंगा समेत सात ठिकानों पर निगरानी की छापेमारी। करोड़ो रूपये और जेवरात बरामद।

04. और, बीपीएससी की सत्तरवीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी। इक्कीस हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए सफल।

———————————————————————————————

महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती आज पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गई। देश वासियों ने उनके योगदान को याद किया।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहराया है कि देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि देशवासियों को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

———बाईट———

आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है। भारत की आवाज बुलंद हो रही है। वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से एक लक्ष्य एक ध्येय विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है और यही नेताजी को हमारी सच्ची कार्यांजलि होगी।

विश्व में भारत की बढती हैसियत पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश की प्रगति के लिए वातावरण अनुकूल है और विश्व भारत की तरफ देख रहा है।

———बाईट———

आज विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं और ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एक जुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सेना को भी अत्यधिक मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में 25 करोड भारतीयों को गरीबी से निकाला गया है।

————————————————————————————————————

प्रदेश में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से पटना के गांधी मैदान के समीप नेताजी की प्रतिमास्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

————————————————————————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की एक सौ एकवीं जयंती कल मनायी जायेगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस अवसर पर उनके पैतृक गांव समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम में आयोजित विशेष समारोह में शामिल होंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

————————————————————————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के सात ठिकानों पर छापेमारी के दौरान तीन करोड़ रूपये से अधिक नकद बरामद किए है। इस दौरान बड़ी मात्रा में गहनें भी जब्त किए है। आय से अधिक संपत्ति मामले में बेतिया, बगहा, समस्तीपुर, मधुबनी और दरभंगा स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गई। इधर, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी डीईओ को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। आयोग के अनुसार परीक्षा में इक्कीस हजार पांच सौ इक्यासी अभ्यर्थी सफल हुए है। परिणाम आयोग की वेबसाइट बीपीएससी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर देखे जा सकते है। तेरह दिसम्बर और चार जनवरी को दो चरणो में आयोजित बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में तीन लाख अट्ठाईस हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इधर, परीक्षा दुबारा कराए जाने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन आज इकतालीसवें दिन भी जारी रहा।

———————————————————————————————————————

पटना एम्स में दो मरीजों का पहली बार सफल किडनी प्रत्यारोपण किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि पटना एम्स में अन्य जगहों के मुकाबले कम खर्च में किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा दी जा रही है।

———बाईट——

———————————————————————————————————————

पटना पुलिस ने नीट और एमबीबीएस परीक्षा में फर्जी उम्मीदवारों को बिठाने का आरोपी डॉक्टर अजय कुमार को पीएमसीएच परिसर से आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पिछले सोलह दिनों से उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि आरोपी के खिलाफ पीएमसीएच के चाणक्य हॉस्टल में मिले कागजात और साक्ष्य को लेकर पुलिस और सीबीआई की जांच जारी है।

———————————————————————————————————————

सर्द पछुवा हवा के कारण राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न भागों में ठंड की स्थिति बनी हुई है। वहीं, गया, नवादा, जमुई, बांका समेत राज्य के दक्षिण—मध्य और दक्षिण—पूर्व भागों में घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मोतिहारी में शीतदिवस दर्ज

किया गया। यहां का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————————————————

इधर, बढ़ती ठंड के मद्देनजर विभिन्न जिला प्रशासन ने स्कूलों में आठवीं कक्षा तक शैक्षणिक गतिविधियों को स्थगित कर दिया है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने स्कूलों को अब पच्चीस जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिए हैं। सुपौल मे पच्चीस जनवरी तक और खगड़िया आठवीं तक चौबीस जनवरी तक स्कूल को बंद कर दिया गया है।

———————————————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से..

———म्यूजिक———

प्रयागराज रेलवे डिवीजन ने मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ में श्रृद्धालुओं की संभावित अधिक संख्या को देखते हुए 150 स्पेशल मेला ट्रेन चलाने की व्यापक योजना बनाई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह विशेष रेलगाडियां प्रयागराज के सभी नौ स्टेशनों से चलाई जाएंगी ताकि श्रृद्धालु सुगमता से यात्रा कर सकें।

———बाईट———

मेला प्राधिकरण ने अनुमान लगाया है कि मौनी अमावस्या के अवसर पर लगभग 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने की उम्मीद है। इनमें से लगभग 20 प्रतिशत श्रद्धालुओं के ट्रेन से यात्रा करने की उम्मीद है। विशेष ट्रेन चलाने के अलावा मंडल ने यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कलर कोडेड टिकटिंग और अतिरिक्त आश्रय की व्यवस्था भी है। इन तैयारी के साथ प्रयागराज रेल मंडल का लक्ष्य मौनी अमावस्या पर लगभग हर 4 मिनट में एक रेलगाड़ी चलाने की योजना है। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने कहा कि प्रयागराज रेल मंडल महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या के प्रबंधन के लिए पूरी तरह तैयार है। महाकुंभ के दौरान अब तक नौ करोड़ 73 लाख से अधिक श्रृद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

———म्यूजिक———

———————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सहरसा को उड़ान योजना में शामिल करने को केन्द्र सरकार से अनुरोध किया जायेगा। श्री कुमार ने कहा कि सहरसा के माँ उग्रतारा स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान आज सहरसा जिले में विकास कार्यों समीक्षा बैठक के बाद यह घोषणा की है। उन्होंने जिले में दो सौ दस करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्धाटन किया।

———————————————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य में सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। औरंगाबाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने कहा कि फिलहाल तीन सौ से अधिक प्रखंडों में सब्जी उत्पादक सहयोग समितियाँ काम कर रहीं हैं। इस वर्ष मार्च तक सभी प्रखंडों में इन समितियों का गठन कर दिया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————————————

कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गदाई दियारा में नाव दुर्घटना में लापता तीन लोगों की तलाश अभी भी जारी है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि अब तक सात शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की खोजबीन के लिए स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम लगातार प्रयास कर रहे है।

———————————————————————————————

मुंगेर जिले के जमालपुर में आज रेल कारखाने की दीवार टूटकर रेलवे ट्रैक पर गिर गई। जिसके कारण जमालपुर–भागलपुर स्टेशन के बीच रेल परिचालन घंटो बाधित हो गया। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार बचाव दल ने मौके पर पहुंच कर अपलाईन पर गिरे मलवे को हटाने का काम पूरा कर लिया। इस रेलखंड पर परिचालन सामान्य हो गया है।

———————————————————————————————————

गया जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या चार और पांच पर पुनर्निमान कार्य जारी है। जिसके कारण रेलवे ने इस स्टेशन से खुलने और गुजरने वाली कई ट्रेनों के परिचालन को छह मार्च तक रद्द कर दिया है। पूर्व–मध्य के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि पटना–गया पैसेंजर, किउल–गया पैसेंजर, गया–जमुई पैसेंजर समेत नौ ट्रेनों का परिचालन इक्कीस जनवरी से छह मार्च तक रद्द रहेगा। वहीं, पटना–सासाराम, पटना–गया–गोमो और राजगीर–गया समेत कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा।

———————————————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में पन्द्रह विभागों की झाकियाँ शामिल होंगी।

———बाईट———

———————————————————————————————————

01. नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– नेताजी से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के लक्ष्य के लिए काम करना चाहिए।

02. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम मे कल जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह में भाग लेंगे।

03. पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के बेतिया, समस्तीपुर, दरभंगा समेत सात ठिकानों पर निगरानी की छापेमारी। करोड़ो रूपये और जेवरात बरामद।

04. और, बीपीएससी की सत्तरवीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी। इक्कीस हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए सफल।

———————————————————————————————————

समाप्त